प्रेस नोट **05/01/2025**

लुट की एक मोबाइल के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार तथा 02 बाल अपचारी पुलिस अभिरक्षा में–

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 05.01.2025 को थाना घोसी पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर हडौवा तिराहा हाइवे के पास से मु0अ0सं0 09/25 धारा 309(4), 317(2) बीएनएस में वांछित अभियुक्त अभिनव विश्वकर्मा पुत्र स्व0 मोहन विश्वकर्मा निवासी दरियाबाद थाना घोसी जनपद मऊ व 02 बाल अपचारी पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। जिनके कब्जे से लुट की एक मोबाइल रेडमी बरामद किया गया। उक्त अभियुक्त को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त–

1. अभिनव विश्वकर्मा पुत्र स्व0 मोहन विश्वकर्मा निवासी दरियाबाद थाना घोसी जनपद मऊ।
2. 02 बाल अपचारी पुलिस अभिरक्षा में।

बरामदगी–

1. एक अदद मोबाइलफोन।

कूट रचित दस्तावेजो के आधार पर पासपोर्ट बनवाने वाला एक शातिर अभियुक्त गिरफ्तार–

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 05.01.2025 को थाना कोपागंज पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर भातकोल मोड़ के पास से अभियुक्त उमेंश निषाद पुत्र रमाकान्त निवासी फतेहपुर ताल नरजा थाना कोपागंज जनपद मऊ द्वारा पहले से एक पास्पोर्ट बनवाया था। इसके अतिरिक्त उसके द्वारा अपना नाम परिवर्तित कर कूट रचित दस्तावेजों के आधार पर दुसरा पासपोर्ट बनवाया गया। इस संबंध में उक्त अभियुक्त के विरूद्ध थाना स्थायीय पर मु0अ0सं0 06/25 धारा 318(4), 338, 336(3), 340(2) बीएनएस पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।